संख्या-157/2020/3330/26-3-2020-10(43)/2005टी0सी0

प्रेषक,

बी0एल0 मीणा

प्रमुख सचिव

उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में

निदेशक

जनजाति विकास

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांक-10 दिसम्बर 2020

विषयः. जनपद सोनभद्र में एकीकृत जनजाति विकास परियोजना के संचालन के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-113/71/ज0जा0वि0/2020-21, दिनांक-06.10.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से एकीकृत जनजाति विकास परियोजनान्तर्गत जनपद सोनभद्र में एकीकृत जनजाति विकास परियोजना के संचालन के संबंध में वांछित पदों के सृजन के सम्बन्ध में प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल, एकीकृत जनजाति विकास परियोजना सोनभद्र के संचालन हेतु निम्नलिखित आदेश प्रदान करते है:-

(1)- एकीकृत जनजाति विकास परियोजना सोनभद में वित्त विभाग द्वारा परियोजना अधिकारी का एक पदए सहायक विकास अधिकारी का एक पद तथा कनिष्ठ सहायक का एक पद कुल 03 पद नियमित वेतनमान में सृजित करने की सहमति के क्रम में निम्नलिखित पदों को उनके सम्मुख विवरण के अनुसार सृजित किया जाता हैः.

क्र0सं0	पदों का विवरण	संख्या	मैट्रिक्स लेवल	माध्यम
1	2	3	4	5
1	परियोजना अधिकारी	1	मैट्रिक्स लेवल-10	सीधी भर्ती
2	सहायक विकास अधिकारी	1	मैट्रिक्स लेवल-5	सीधी भर्ती
3	कनिष्ठ सहायक	1	मैट्रिक्स लेवल-3	सीधी भर्ती

(2)- एकीकृत जनजाति विकास परियोजना सोनभद में वित्त विभाग द्वारा शेष अन्य परियोजनाओं में उपलब्ध पदों को डिप्लायमेन्ट से भरने के परामर्श के क्रम में एकीकृत जनजाति विकास परियोजनाए चन्दनचौकी-खीरी व थारू विकास परियोजना, विशुनपुर विश्राम, बलरामपुर से निम्नांकित पदों को एकीकृत जनजाति विकास परियोजना सोनभद्र में स्थानान्तरित /रीडिप्लायमेन्ट किया जाता है:-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

पद नाम	आई0टी0डी0पी0 सोनभद्र स्थानान्तरित किये जाने वाले पदों की संख्या	परियोजना का नाम जहां से पद स्थानान्तरित किया जा रहा है	मैट्रिक्स लेवल व मैट्रिक्स में मूल वेतन	माध्यम
1	2	3	4	5
सहायक विकास अधिकारी	1	एकीकृत जनजाति विकास परियोजना, चन्दन चौकी-खीरी	मैट्रिक्स लेवल-10 रू0 56, 100	पूर्व की भांति
सहायक विकास अधिकारी	1	थारू विकास परियोजना, विशुनपुर विश्राम, बलरामपुर	मैट्रिक्स लेवल-5 रू0 29, 200	पूर्व की भांति
ग्राम विकास अधिकारी	2	एकीकृत जनजाति विकास परियोजना, चन्दन चौकी-खीरी	मैट्रिक्स लेवल-3 21, 700	पूर्व की भांति
ग्राम विकास अधिकारी	2	थारू विकास परियोजना, विशुनपुर विश्राम, बलरामपुर	मैट्रिक्स लेवल-3 रू0 21,700	पूर्व की भांति
कनिष्ठ सहायक	1	थारू विकास परियोजना, विशुनपुर विश्राम, बलरामपुर	मैट्रिक्स लेवल-3 रू0 21, 700	पूर्व की भांति
चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	1	एकीकृत जनजाति विकास परियोजना, चन्दन चौकी-खीरी	मैट्रिक्स लेवल-1 रू018, 000	पूर्व की भांति
स्वीपर कम चैकीदार	1	एकीकृत जनजाति विकास परियोजना, चन्दन चौकी-खीरी	मैट्रिक्स लेवल-1 रू0 18, 000	पूर्व की भांति
	योगरू			

3- उपरोक्त पद/संवर्ग के सम्बन्ध में सेवा नियमावली का संशोधन/प्रख्यापन यथावश्यक/यथाशीघ्र किया जाये।

कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

बी0एल0 मीणा

प्रमुख सचिव

पृ0सं0-157/2020/3330(1)/26-3-2020 तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः.

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री/मा0 राज्य मंत्री, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति/जनजाति विकास विभाग विभाग, उ0प्र0।

2- निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।

3- गार्डफाइल।

आज्ञा से,

अशोक कुमार

विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in